प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 रविवार दिनांक 19.10.2025

मुख्य समाचारः–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने धरती आबा' में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कोरिया जिले को किया सम्मानित।

- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत छत्तीसगढ़ में दिए जाएंगे दो लाख तेईस हजार नये घरेलू रसोई गैस कनेक्शन।

- अट्ठाईस से तीस नवंबर तक रायपुर में होगा पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षकों का राष्ट्रीय सम्मेलन।

- छत्तीसगढ़ के पैरा आर्म रेसलर श्रीमंत झा ने जर्मनी में आयोजित प्रतियोगिता में मौजूद विश्व चैंपियन को हराकर जीता स्वर्ण पदक।

राष्ट्रपति–सम्मान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने धरती आबा' में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कोरिया जिले को सम्मानित किया है। जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम 'राष्ट्रीय कॉन्क्लेव ऑन आदि कर्मयोगी अभियान' में राष्ट्रपति ने कोरिया जिले की कलेक्टर चंदन त्रिपाठी को यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम और राज्यमंत्री दुर्गा दास उइके भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा को भी राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति के हाथों सम्मान प्राप्त हुआ।

'धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान' के तहत कोरिया जिले के एक सौ चौव्वन जनजाति बहुल ग्रामों, बैकुंठपुर ब्लॉक के एक सौ अड़तीस और सोनहत ब्लॉक के सोलह ग्रामों में लगभग अड़तीस हजार

जनजातीय परिवारों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया गया है। शिविरों और डोर टू डोर अभियानों के माध्यम से लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, पीएम जन धन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम उज्जवला, राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड और पीएम आवास योजना तथा अन्य योजनाओं से जोड़ा गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा यह सम्मान हमारे उन कर्मयोगियों की पहचान है जिन्होंने जनजातीय सशक्तीकरण को धरातल पर साकार किया है। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि बस्तर से सरगुजा तक हर जनजातीय परिवार को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए और उन्हें हर स्तर पर सशक्त किया जाए।

उज्ज्वला योजना—नये कनेक्शन

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत पच्चीस लाख नये गैस कनेक्शन प्रदान करने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। छत्तीसगढ़ में दो लाख तेईस हजार नये घरेलू एलपीजी कनेक्शन दिए जाएंगे। इस संबंध में खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने दिशा—निर्देश जारी किए हैं। जारी दिशा—निर्देश के अनुसार सभी जिलो में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला उज्जवला समिति का गठन किया जाएगा। इस समिति द्वारा जिले में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के क्रियान्वयन और प्राप्त आवेदनों का समय—सीमा में निराकरण के लिए नियमित रूप से निगरानी की जाएगी। योजना के तहत पात्र परिवारों से नये गैस कनेक्शन के लिए आगामी सात दिनों में आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। जिले की गैस एजेंसियों द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण और सत्यापन कराकर पन्द्रह दिनों में नये गैस कनेक्शन जारी करने की कार्यवाही की जाएगी।

नियद नेल्लानार योजना के तहत बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर, कांकेर और दंतेवाड़ा जिलों में हितग्राहियों को पहचान कर उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाये के लिए नेटवर्क संपर्क वाले क्षेत्रों का चयन कर विशेष शिविर आयोजित किये जाएंगे।

सुरक्षा कैम्प—स्थापित

बीजापुर जिले के ग्राम कांडलापर्ती में नये सुरक्षा और जन–सुविधा कैम्प की स्थापना की गई है। "नियद नेल्ला नार" योजना के तहत ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा और सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए इसकी स्थापना की गई है। यह कैम्प भोपालपटनम् से फरसेगढ़, सेण्ड्रा और गढ़चिरौली को जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा। साथ ही भविष्य में नेशनल पार्क क्षेत्र के गांवों को सड़क और अन्य सुविधाओं से जोड़ने में मददगार साबित होगा। इससे माओवादियों की अंतर्राज्यीय गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

गौरतलब है कि वर्ष दो हजार चौबीस से अब तक बीजापुर जिले में कुल उन्नीस सुरक्षा कैम्प स्थापित किए गए हैं।

जीएसटी–सुधार

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जीएसटी सुधारों का कार्यान्वयन लोगों को अधिक लाभ पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार और जीएसटी परिषद के बीच सहयोग को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि दरों में कमी, प्रक्रिया को सरल बनाना, स्लैब की संख्या चार से घटाकर दो करना और वर्गीकरण संबंधी मुद्दों का समाधान समय से पहले ही पूरा कर लिया गया है।

मैं यहां आपको यह बताने आई हूं कि कटौती का लाभ जो उपभोक्ता को मिलना चाहिए था, वह मिल रहा है और उससे अधिक लाभ भी उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है, इसलिए जीएसटी में की गई नई कटौती का सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। प्रत्येक वस्तु जो आम नागरिकों के दैनिक जीवन से संबंधित है, उसका लाभ भी उपभोक्ताओं को दिया गया है।

राष्ट्रीय सम्मेलन

राजधानी रायपुर में अट्ठाईस से तीस नवंबर तक तीन दिवसीय डी.जी.पी. और आई.जी.पी. का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में देश के सभी राज्यों के गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक–डी.जी.पी. और पुलिस महानिरीक्षक–आई.जी.पी. शामिल होंगे। सम्मेलन का आयोजन आई.आई.एम., नवा रायपुर में किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव विकासशील ने मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को सम्मेलन की सभी तैयारियों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

सरस मेला

रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आठ से अट्ठारह अक्टूबर तक 'सरस मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में देशभर के सत्रह राज्यों के स्व–सहायता समूहों की महिलाओं ने भाग लिया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से आए स्व–सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, हैंडलूम वस्त्र, जैविक उत्पाद, पारंपरिक व्यंजन, गृह उपयोगी सामग्री आदि उत्पादों का दो सौ से ज्यादा स्टॉलों के माध्यम से प्रदर्शन और विक्रय किया गया।

पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा इस आयोजन में ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं की उद्यमिता को एक मंच प्रदान करने का कार्य किया गया।

पैराआर्मरेसलर

छत्तीसगढ़ के पैरा आर्म रेसलर श्रीमंत झा ने जर्मनी ओपन बेसन पैरा आर्म रेसलिंग कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अस्सी किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीत लिया है। उन्होंने अपनी इस जीत को देश के शहीद जवानों को समर्पित किया है। फाइनल मुकाबले में श्रीमंत झा ने जर्मनी के मौजूदा विश्व चैंपियन एरिक हॉप्पे को हराया। यह प्रतियोगिता सत्रह से उन्नीस अक्टूबर तक जर्मनी में आयोजित की गई।

नरक–चौदस

आज रूप चौदस और नरक चौदस है। परंपरा के अनुसार रूप चौदस पर घरों के आंगन और बाहर रंगोली सजाकर चौदह दीये जलाए जाते हैं। रौशनी के इस त्यौहार पर प्रतिष्ठानों और घरों में बिजली की झालरों से आकर्षक सजावट की गई है। साथ ही घरों के बाहर सुंदर रंगोली भी दिखाई पड़ रही है।

कल दीपों का पर्व दीपावली मनाया जाएगा। दीपावली को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी शहरों और कस्बों के बाजारों में काफी चहल–पहल और रौनक देखी जा रही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं।

वहीं, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव कल बीस अक्टूबर को दुर्ग के शक्तिनगर स्थित शासकीय स्कूल में आयोजित विशेष कार्यक्रम "विष्णु का दीया" में शामिल होंगे।

इस बीच, गौरैला–पेंड्रा–मरवाही जिले के ग्राम पंचायत ललाती में इस बार दीपावली त्यौहार के साथ नशा मुक्ति अभियान की शुरूआती की गई है। इस अभियान के तहत गांव में नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक किया जाएगा।

सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती–कार्यक्रम

देश में राष्ट्रीय एकता को और मज़बूत करने के लिए, सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में दो महीने तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने करनाल में एक प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि इकतीस अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा।

इसके बाद इकतीस दिसंबर तक राष्ट्रीय एकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें सेमिनार, प्रदर्शनी और साहित्य वितरण शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों के लिए माय भारत पोर्टल पर युवाओं का पंजीकरण भी किया जा रहा है।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान बीजापुर, सुकमा, और बस्तर जिले के कुछ क्षेत्रों में गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिर सकती है। साथ ही तेज हवा चलने की भी संभावना है। इसके अलावा इन जिलों के कुछ इलाकों में हल्की वर्षा होने की संभावना भी जताई गई है।

संक्षिप्त समाचार

- मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत दुर्ग जिले से चार सौ पैंतालीस वरिष्ठ नागरिक को पांच से ग्यारह नवम्बर के बीच द्वारिका, सोमनाथ और नागेश्वर की यात्रा कराई जाएगी।
- जांजगीर–चांपा पुलिस ने निवेश के नाम पर छह करोड़ रूपए की ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।
- इसी जिले के करमंदी गांव में नाले में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। शिवरीनारायण पुलिस मामले की जांच कर रही है।
- इस बीच, जांजगीर–चांपा जिले के ही सदर बाजार क्षेत्र में झालर लगाते समय करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।
- गौरेला पेण्ड्रा–मरवाही जिले के ग्राम सेमरा में तेईस और चौबीस अक्टूबर को जिला स्तरीय पशु–पक्षी प्रदर्शनी और प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><>